DATE :- 23-01-19

सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती पर अग्रवाल महाविद्यालय में रक्तदान शिविर

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में आज़ाद हिन्द फ़ौज के अग्रणी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब दक्षिणी केन्द्र, नई दिल्ली और फाउंडेशन एगेन्सट थैलीसीमिया, फरीदाबाद के सहयोग से आयोजित किया गया। इस शिविर के उदघाटन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने अपने उदबोधन में विद्यार्थियों को पर–हित के लिए रक्तदान हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य जी द्वारा 50 ज़रूरतमन्द विद्यार्थियों को जर्सियाँ वितरित की गईं और शिविर के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर के प्रख्यात सी.ए. और महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र श्री प्रदीप बंसल ने महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्राओं कीर्ति (बी.ए. प्रथम वर्ष); आरती गुप्ता (बी.कॉम. III) और पूनम कुमारी (बी.एस.सी. III) को क्रमशः रू. 12,280 / –, रू. 11805 / – तथा रु.13,230 / – की छात्रवृत्ति प्रदान की। उन्होंने बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष तीन छात्राओं की फ़ीस राशि देने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में श्री रविन्द्र डुडेजा की विशेष भूमिका रही, क्योंकि वे थैलीसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए रक्त एकत्र कर उनके जीवन को सुगम बनाने का संकल्प कर इस महान कार्य से जुड़े हैं। शिविर के आयोजन में युवा रैड क्रॉस और एन.एस.एस. अधिकारियों डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. अशोक निराला, श्रीमती रितु, डॉ. सीमा मलिक, डॉ. प्रवीण गुप्ता, डॉ. रेखा रानी, डॉ. उषा चौधरी, डॉ. पूजा सैनी और श्रीमती किरण आनन्द ने सराहनीय योगदान किया॥ रक्तदान शिविर में **86** इकाइयाँ रक्त एकत्र किया गया जो विशेस रूप से थैलीसीमिया ग्रस्त बच्चों के काम आएगा। इस शिविर में महाविद्यालय के डॉ. रेखा सेन, सुप्रिया ढ़ांडा, श्री लवकेश और प्राध्यापकों ने रक्तदान कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर विशेष योगदान किया।